**अन्तर्राष्ट्रीय मैचों के लिए हाकी के खिलाड़ियों को दिया जा रहा भत्ता**

361. श्री **रजनी रंजन साहू**: क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार अंतर्राष्ट्रीय टैस्ट मैच खेलने वाले हाकी के खिलाड़ियों को भत्ते की उतनी ही राशि देने का विचार रखती है जितनी इस समय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने वाले क्रिकेट के खिलाड़ियों को दी जा रही है ; और

(ख) यदि नहीं, तो इस राष्ट्रीय खेल में प्रतिभावान खिलाड़ियों को आकर्षित करने के बारे में सरकार क्या सोच रही है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (महिला तथा बाल विकास विभाग) में राज्य मंत्री के अतिरिक्त प्रभार सहित मानव संसाधन विकास मंत्रालय (युवा कार्य और खेल विभाग) में राज्य मंत्री (कुमारी ममता बनर्जी)**: (क) ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। सरकार अंतर्राष्ट्रीय मैचों में खेलने के लिए हाकी या क्रिकेट के खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार का भत्ता/वित्तीय सहायता प्रदान नहीं करती।

(ख) राष्ट्रीय खेल प्रतिभा प्रतियोगिता (एन०एस०टी०सी०) विशेष क्षेत्र खेल (एस०ए०जी०) और खेल छात्रावास जैसी योजनायें हैं, जिनके अंतर्गत हाकी में युवा प्रतिभा का पता लगाया जा रहा है और भारतीय खेल प्राधिकरण के विशेषज्ञों और प्रशिक्षकों की चौकस नजरों के अंतर्गत प्रशिक्षित किए जाते हैं।

**केन्द्रीय सरकार के अस्पतालों में हड़ताल**

362. **श्री रजनी रंजन साहू**: क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री 16 जुलाई, 1991 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 135 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों के दौरान केंद्रीय सरकार के नियंत्रणाधीन अस्पतालों में वर्ष-वार कितनी हड़तालें कब-कब और कितनी-कितनी अवधि के लिए हुईं और किस वर्ग के कर्मचारियों ने ये हड़तालें की ; और

(ख) इन हड़तालों के कारण कितनी मौतें हुईं और ये मौतें किन-किन तारीखों को और किन स्थानों पर हुईं ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० ताराबेवी सिद्धार्थ)**: (क) और (ख) : एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**विवरण**

| अस्पताल का नाम | वर्ष | अवधि | समय | स्टाफ की श्रेणी | मौतों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| डा० राम मनोहर लोहया अस्पताल | 1987 | 6-4-1987 | 1 दिन | रेजीडेंट डाक्टर | शून्य |
| | | 20-7-1987<br>25-7-1987 | 4 दिन | -तदैव- | शून्य |
| | | 20-7-1987 से 29-7-1987 | 10 दिन | के० स्वा० से० डाक्टर | शून्य |